दैनिक भास्कर
हिसार भास्कर 06-08-2022

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के दस विद्यार्थियों को मिली नौकरी, बधाई दी

हिसार | जीजेयू और राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हिसार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में राजकीय बहुतकनीकी संस्था के 10 विद्यार्थियों का चयन नामी कंपनी में बतौर ट्रेनी बायो मेडिकल इंजीनियर के पद पर हुआ है। संस्था के प्रधानाचार्य अशोक कुमार व प्लेसमेंट इंचार्ज राम राकेश ने चयनित छात्रों और विभाग को बधाई दी। मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि सभी चयनित छात्र 2019 -22 बैच के हैं। चयनित छात्रों में आशीष शर्मा, रोनित, रवि गिरी, प्रवीण कुमार, बलराम, साहिल खान, विनोद, नवीन कुमार, अनूप, दिनेश कुमार शामिल है।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Hisar - 06 Mar 2024 - Pa

मेडिकल इलेक्ट्रोनिक्स विभाग के 8 विद्यार्थियों का जॉब सलेक्शन

हिसार। गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के 8 विद्यार्थियों का चयन एपसिलोन हेल्थकेयर प्रा. लि. जयपुर में हुआ। कंपनी द्वारा गत 14 फरवरी को पहले टेस्ट लिया गया तथा साक्षात्कार का आयोजन संस्थान में ही किया गया। इस कैंपस में मेडिकल इलेक्ट्रोनिक्स इजि. विभाग के छात्रों ने भाग लिया। विभागाध्यक्ष नरेश सुथार ने बताया कि कैंपस ड्राइव में लगभग 30 छात्रों ने भाग लिया जिसमें से कंपनी ने आठ छात्रों का चयन किया है। सभी चयनित छात्रों को मार्च महीने में नियुक्ति दी गई। प्रधानाचार्य सुनील कुमार व टीपीओ डॉ. मुकेश बसंल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले नौकरी मिलने पर बधाई दी। इस अवसर पर सुरेन्द्र सोनी एटीपीओ भी मौजूद रहे।

एक नजर में

राजकीय बहुतकनीकी संस्था के 11 विद्यार्थियों का चयन

हिसार: राजकीय बहुतकनीकी संस्था के 11 विद्यार्थियों का चयन 15 मार्च को संस्थान में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में किर्लोस्कर टेक्नोलाजी प्राइवेट लिमिटेड(हेल्थकेयर डिवीजन), जयपुर द्वारा बतौर ट्रेनी बायो-मेडिकल इंजीनियर हुआ है। संस्था के प्रधानाचार्य अशोक कुमार व प्लेसमेंट इंचार्ज राम राकेश ने चयनित छात्रों और विभाग को बधाई दी।

Jio 4G Idea U 11:43 AM
file:///storage/emul:

हिसार-भूमि हरिभूमि 14

बहुतकनीकी संस्थान के 6 विद्यार्थियों का चयन

हिसार। राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के चयनित विद्यार्थियों के साथ प्राचार्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के मेडिकल इलेक्ट्रोनिक्स विभाग के 2019 बैच के 6 छात्रों का चयन कंपनियों में बतौर बायोमेडिकल इंजीनियर हुआ है। मेडिकल इलेक्ट्रोनिक्स विभाग के इंचार्ज नरेश कुमार ने बताया कि चयनित छात्रों में अम्बीकेश, अमरजीत, मेहताब और शेखर का चयन ब्रैनवेव टेक्नोलोजी चंडीगढ स्थित कंपनी में हुआ है।

इसके अतिरिक्त 2 छात्रों राजेन्द्र और कुनाल का चयन बाइटल साइन मेडि डिवाइस कम्पनी प्रीतमपुरा नई दिल्ली में 2.5 लाख के सालाना पैकेज पर हुआ है। संस्था के प्रधनाचार्य सुनील कुमार व टीपीओ प्रदीप कुमार ने चयनित छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। नए सत्र के लिए डिप्लोमा में दाखिले की ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के 11 छात्र चयनित

हिसार । राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के 11 विद्यार्थियों का चयन लिंक-बायोमेड सर्विस प्रा. लि. जयपुर में हुआ। कॉलेज कैंपस आयोजित साक्षात्कार में मेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स इंजि. विभाग के छात्रों ने हिस्सा लिया था। विभागाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि इस पूल कैंपस ड्राइव में 30 छात्रों ने हिस्सा लिया। कंपनी ने इन छात्रों का चयन साक्षात्कार के द्वारा किया। सभी चयनित छात्रों को 3 अप्रैल से नियुक्ति दी जाएगी। प्रधानाचार्य अशोक कुमार व टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई दी।

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के चयनित विद्यार्थी शिक्षकों के साथ ।

दैनिक भास्कर
हिसार भास्कर 20-04-2023

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के स्टूडेंट्स को मिली कैंपस प्लेसमेंट

हिसार | राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के 5 विद्यार्थियों का चयन एपसिलोन हेल्थकेयर प्रा. लिमिटेड जयपुर में हुआ। विभागाध्यक्ष नरेश कुमार ने बताया कि इस पूल कैम्पस ड्राइव में 20 छात्रों ने भाग लिया। कम्पनी ने इन सभी छात्रों का चयन साक्षात्कार के द्वारा चयन किया है तथा सभी चयनित छात्रों को 22 अप्रैल, 2023 से नियुक्ति दी जाएगी। प्रधानाचार्य अशोक कुमार व टीपीओ डॉ. मुकेश बंसल ने सभी चयनित विद्यार्थियों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले नौकरी मिलने पर बधाई दी।